तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 22 अप्रैल 2024

11 धूमधाम से मनाया गया जाएगा हनुमान जी जन्मोत्सव

12 नरवाना में निःशुल्क बीसीजी कैंप आयोजित

शहर में आज

- सुबह पांच बजे गुरु मंजी साहिब गुरुद्वारा में शबद कीर्तन।
- सुबह पांच बजे अग्रवाल धर्मशाला से प्रभातफेरी।

खबर संक्षेप

मलिकपुर से मां व बेटी संदिग्ध हालात मे गायब

जींद। गांव मलिकपुर से मां, बेटी संदिग्ध हालत में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मलिकपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी पत्नी तथा 11 वर्षीय बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा।

रजनाकलां में मारपीट करने पर तीन नामजद

जींद। गांव रजनाकलां में व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रजाना कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रामनिवास, उसके बेटे नवीन तथा प्रवीण ने उसके साथ मारपीट की तथा जातिसूचक गालियां दी। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर तीनों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आज होगा तीसरा राम-श्याम मासिक संकीर्तन

उचाना। श्रीराम परिवार युवा सेवा समिति उचाना मंडी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 22 अप्रैल को तीसरा राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। समिति सदस्य रितिक गर्ग ने बताया कि शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में कीर्तन का आयोजन होगा। समाज सेवी एवं तेरापंथ जैन भवन के प्रधान लाला रामनिवास जैन मुख्य अतिथि होंगे। विभिन्न कलाकारों द्वारा रामभक्त हनुमान के भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

सालासार व खाटूश्याम का संकीर्तन कल

नरवाना। मां बनभौरी सेवा मंडल नरवाना द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पहला विशाल श्री सालासर एवं खाटूश्याम संकीर्तन 23 अप्रैल को रात 9 बजे से प्रभु इच्छा तक पटेल नगर गली नं 2 में किया जाएगा एवं भंडारा लगाया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी दीपड़ चौपड़ा शिरकत करेंगे। संस्था के उपप्रधान मिंकी चौपड़ा ने बताया कि सालासार व खाटूश्याम की महिमा का गुणगान कलाकार सोनू पांचाल, कोमल वैद टोहाना, पवन शर्मा सोंगल करेंगे। वहीं संदीप म्यूजिकल ग्रुप संगीत का साथ देंगे। इस मौके पर मनु बठला, हरदीप चोपड़ा, सुमेश गर्ग, महावीर, विक्रम, सोनू, गौरव

बाल विवाह रोकने की कवायदः अक्षय तृतीया पर होने वाली शादियों पर विशेष नजर

प्रिंटिंग प्रेस संचालकों से बैठक कर शादी के लिए छपवाए जा रहे कार्डों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

आगामी दस मई को अक्षय तृतीय (अखा तीज) है और जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रहेगी। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में बाल विवाह भी हो सकते हैं।

जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने रविवार को शहरभर के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक की और विवाह को लेकर दिशा-निर्देश दिए। रवि लोहान ने कहा कि जब भी आपके पास कोई शादी का कार्ड छपवाने के लिए आता है तो सबसे पहले उसके बारे में पूरी जानकारी हासिल की जाए। इसके साथ ही वर व वधु की उम्र को लेकर आवश्यक दस्तावेज लिए जाएं ताकि बाल विवाह की सूचना समय रहते मिल सके। रवि लोहान ने कहा कि यह केवल विभाग की जिम्मेवारी नही है कि बाल विवाह रोकें बल्कि इसके लिए हम सबको अपनी अहम जिम्मेवारी निभानी होगी। जैसे ही कोई बाल विवाह की जानकारी संज्ञान में आती है तो तुरंत इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध करवाई जाए ताकि समय रहते बालिका को वधु बनने से बचाया जा सके। उन्होंने स्पष किया कि नियमानुसार विाह के लिए लड़के की आयु 21 वर्ष से कम तथा लड़की की आयु 18 वर्ष से कम पाई जाती है तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जींद। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश देते रवि लोहान।

बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित : रवि लोहान

सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। हालांकि जिले में बाल विवाह पिछले वषार्ें के मुकाबले घट रहे हैं जोकि लोगों की जागरूकता के कारण ही संभव हुआ है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले के सामुदायिक केंद्र, वेंकेट हॉल, मैरिज पेलेस, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी आगाह किया है कि वह अपने अपने कायार्ें के साथ-साथ विवाह में लड़का-लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मंगवा कर देखें ताकि पता लग सके कि दोनों बालिग हैं या नहीं। बाल विवाह से संबंधित सूचना तुरंत महिला हैल्पलाइन नंबर 1091, 100 नंबर या उनके मोबाइल नंबर 9100310031 पर दें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग चेयरपर्सन प्रियंक कानूनगो के दिशा-निर्देशानुसार लगातार सजगता अभियान चलाया जा रहा है। जिला में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर पुजारी, मौलवी, हलवाई, टैंट, मैरिज गार्डन, बैंड, होटल ब्यूटी पार्लर, प्रिंटिंग प्रेस वालों से संपर्क किया जा रहा है। जिला में बाल विवाह रोकथाम को लेकर हर प्रकार की गतिविधियां निरंतर चलाई जा रही हैं और आमजन को भी इस बारे जागरूक किया जा रहा है। उन्होंनेदस मई को अक्षय तृतीय (अक्खा तीज) पर्व के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंदिर के पुजारी, गांव के पंच, सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर्स और नंबरदार तथा शहर के नगर पार्षदों से अपील की है कि वह अपने-अपने गांव और क्षेत्रों में इस दिन आयोजित होने वाले विवाह समारोह के दौरान लड़का-लड़की के बालिग होने की जांच करें ताकि जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लग पाए।

जिले की मंडियों में पहुंचा 73% गेहूं, 402720 मीट्रिक टन की आवक

मंडियों में नहीं हुई खरीद केवल और केवल उठान

- लिफ्टिंग में देरी कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई
- अनाज मंडियों में ट्रांसपोर्ट व लेबर की समस्या का तुरंत करें समाधान
- जे फार्म कटने के बाद 72 घंटे में हो किसान की फसल का भुगतान
- सभी एसडीएम मंडियों का दौरा कर खरीद कार्य का लें जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिलाभर की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में रविवार को खरीद कार्य नही हुआ। केवल और केवल उठान कार्य किया गया। वहीं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला की अनाज मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- अनाज मंडियों से गोदामों तक जाने वाली सड़कों को रखें दुरूस्त : डीसी

मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जे फार्म कटने के बाद 72 घंटों में किसान की फसल का भुगतान होना चाहिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने यह निर्देश स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने ठेकेदारों से सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि अनाज मंडियों में ट्रांसपोर्ट व लेबर की समस्या का तुरंत समाधान करें अन्यथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर मंडियों का दौरा करें और फसल खरीद कार्य की रिपोर्ट लेकर भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि मॉश्चर मीटर की व्यवस्था सही होनी चाहिए। यदि कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि मंडियों में बिजली की समस्या आ जाती है तो अतिरिक्त बैटरियों रखें ताकि बिजली की समस्या का निपटान किया जा सके और उठान के कार्य में और गति प्रदान की जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को कहा वे मंडियों में बारदाना, शौचालय, पीने का पानी, बिजली सहित अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि किसानों को मंडियों में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों से गोदामों तक जाने वाली सड़कों को दुरूस्त रखें ताकि लोडिंग वाहनों को गोदामों तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। *फोटो : हरिभूमि*

चार-पांच दिनों में 100 प्रतिशत गेहूं मंडियों में पहुंचने की संभावना

डीएफएससी निंशात राठी ने उपायुक्त को बताया कि अबतक जिला की मंडियों में 73 प्रतिशत गेहू आ चुका है और अगले चार-पांच दिनों में 100 प्रतिशत गेहू अनाज मंडियों में पहुंचने की संभावना है। देर सांय तक जिला की अनाज मंडियों में 402720 मीट्रिक टन गेहू आ चुकी है। जिसमें फूड सप्लाई द्वारा एक लाख 38 हजार 301 मीट्रिक टन, हैफैड द्वारा एक लाख 42 हजार 484 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 6645 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा एक लाख 15 हजार 290 मीट्रिक टन गेहू खरीदा जा चुका है।

जींद मंडी पहुंचा 41427 मिट्रिक टन

उन्होंने बताया कि जींद की अनाज मंडी में 41427 मिट्रिक टन, जुलाना की अनाज मंडी में 44587 मीट्रिक टन, सफीदों की अनाज मंडी में 51916 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडी में 52231 मिट्रिक टन, उचाना की अनाज मंडी में 52660 मिट्रिक टन, नरवाना की अनाज मंडी में 33859 मीट्रिक टन, छातर की अनाज मंडी में 11045 मीट्रिक टन तथा नगूरां की अनाज मंडी में 17912 मीट्रिक टन गेहू की आवक हो चुकी है। बैठक में जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फौगाट, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अवकाश के दिन भी हुई स्कूल की बसों की जांच

26 बसों में से 7 में कमियां

कैथल। स्कूली बसों की जांच करते आरटीए विभाग की टीम *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

छुट्टी के दिन रविवार को भी आरटीए कार्यालय में निजी स्कूल बसों की फिटनेस जांच हुई। अब तक जिले में आरटीए विभाग की ओर से 100 से अधिक बसों की फिटनेस जांच की गई है। इसमें से 30 बसों में विभिन्न प्रकार की खामियां पाई गई है। रविवार को आरटीए कार्यालय में 26 स्कूलों की बसें फिटनेस जांच करवाने के लिए पहुंची। जिनमें से सात बसों में विभिन्न प्रकार की खामियां पाई गई। बसों में सीसीटीवी कैमरे काम न करने, बसों के टायर सही न होने, हॉर्न सही न होना, फर्स्ट एड बॉक्स न होने सहित अन्य खामियां पाई गई। इन सभी स्कूल बसों के चालकों को 28 अप्रैल तक खामियां को दुरुस्त करने का समय दिया है। यदि इसके बाद भी दुरुस्त नहीं हुई तो नियमानुसार बसों पर कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि जिले में लगभग 1500 के करीब स्कूल बसों की संख्या है। अब तक कैथल में लगभग 110 बसों की ही जांच की गई है। अब आगामी सप्ताह 27 व 28 अप्रैल तक आरटीए विभाग ने सभी निजी स्कूल संचालकों को बसों की फिटनेस जांच करवाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अब देखना यह है कि इन दो दिनों में विभाग क्या 1500 स्कूल बसों की जांच कर पाएगा। सभी बसों की जांच हुई तो बसें सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे। कनीना में हुए सड़क हादसे में जहां छह बच्चों की मौत हो गई थी तो वहीं करीब दो दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तभी से लेकर सरकार और जिला प्रशासन निजी स्कूल संचालकों को अपनी बसों को नियमानुसार सही करवाने को लेकर जांच कर रहे हैं।

जांच के लिए निर्देश दिए

आरटीए विभाग के सचिव शीशपाल ने बताया कि 27 व 28 अप्रैल को भी विभाग की ओर से सभी स्कूल संचालकों को बस जांच के लिए निर्देश दिए है। सभी बसों की जांच आरटीए कार्यालय परिसर में की जाएगी। इसे बावजूद 28 अप्रैल के बाद बसों में खामियां मिली तो उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खटकड़ में किसानों की महापंचायत आज

जींद। पिछले एक माह से जिला कारागार में बंद किसान नेता अनीष खटकड़ की रिहाई नही होने पर अब किसानों ने महापंचायत करने का फैसला लिया है। सोमवार को खटकड़ गांव में किसानों की महापंचायत होगी। इस महापंचायत में शंभु बॉर्डर से भी काफी संख्या में किसान आएंगे। इसके अलावा दलजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंढेर, लखविंदर सिंह सिरसा, अभीमन्यू कोहाड़ भी शामिल होंगे। आयोजकों ने कहा कि यदि किसान नेताओं को रिहा नहीं किया तो किसान कोई भी बड़ा फैसला ले सकते हैं।

खटकड़ टोल कमेटी के संयोजक कैप्टन भूपेंद्र सिंह जागलान, हरिकेश काब्रछा, कैप्टन वेदप्रकाश बरसोला ने कहा कि 13 फरवरी को दातासिंह वाला बॉर्डर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ किसान नेताओं को गिरफ्तार किया था। इनमें अक्षय नरवाल भी शामिल थे। बाद में इसी मामले में पुलिस ने खटकड़ टोल कमेटी के सदस्य अनीष खटकड़ को भी गिरफ्तार कर लियाए जबकि अनीष खटकड़ उस दिन दातासिंहवाला बॉर्डर पर भी नहीं थे। अक्षय नरवाल को जमानत मिल गई लेकिन एक महीने बाद भी अनीष खटकड़ को जमानत नहीं मिली है। अनीष खटकड़ ने जेल में अनशन शुरू किया हुआ है। लगातार उनकी तबीयत खराब हो रही है लेकिन जेल प्रशासन उनको किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दे रहा है। किसान इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों से भी मिल चुके हैं लेकिन आज तक अनीष खटकड़ को जमानत तक नहीं मिली है। बार.बार अधिकारियों को ज्ञापन व प्रदर्शन करके अब किसान नेता थक चुके हैं और अब उनको आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

- शंभु बॉर्डर से आएंगे किसान, जेल में बंद किसान नेताओं और अन्य की रिहाई की होगी मांग

विदेश भेजने का झांसा देकर हडपे छह लाख रुपये, तीन पर कबूतरबाजी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- विदेश न भेजने पर जब राशि वापस मांगी तो धमकी देने का आरोप लगाया

विदेश भेजने का झांसा देकर छह लाख रुपये हडपने पर अलेवा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दुडाना निवासी सिकंदर ने पुलिस दो शिकायत में बताया कि गांव के ही राजबीर से उसकी जान पहचान रही है। राजबीर ने बताया कि उसका जीजा ईशम सिंह के साथ मिल कर युवकों को विदेश भेजने का कार्य करते हैं। राजबीर की बातों में आ कर उसने भी विदेश जाने की इच्छा जताई। जिसकी एवज में आरोपितों ने छह लाख रुपये की डिमांड की। जिस पर उसने आरोपितों को छह लाख रुपये दे दिए। उस दौरान राजबीर, ईशम सिंह तथा उसकी पत्नी शकुंतला मौजूद थी। काफी समय तक उसे विदेश नही भेजा गया। जब उन्हें विदेश भेजने के बारे में कहता तो कोई न कोई बहाना बना कर टाल देते। लंबे समय तक विदेश न भेजने पर जब उसने राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने राशि लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। अलेवा थाना पुलिस ने सिकंदर की शिकायत पर राजबीर, ईशम तथा शकुंतला के खिलाफ धोखाधड़ी करने, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाच कर रही है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी जयबीर सिंह ने बताया कि व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।

गाड़ी की साइड लगने पर बाइक से गिरे व्यक्ति की मौत

जींद। गांव उझाना के निकट तेज रफ्तार गाडी ने बाइक को साईड मारने घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रेवर निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता भूराराम बाइक पर लिफ्ट लेकर नरवाना जा रहा था। गांव उझाना के निकट तेजरफ्तार गाड़ी ने बाइक को साइड मार दी। जिसमें साइड लगने से बाइक के पीछे बैठा उसका पिता भूरा राम गिर कर घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में उसके पिता को कैथल नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जिसके बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने राजेश की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कहा : जानबूझ कर बनाया जा रहा दहशत का माहौल, निरंतर जांच क्यों नहीं करते

वाहन सुरक्षा पॉलिसी की आड़ में तंग करने से स्कूल संचालक परेशान

- अवैध अकेडमियों तथा किड्स प्ले स्कूलों पर शिकंजा कसे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (हुसा) के सुभाष श्योराण, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष वजीर ढांडा ने कहा कि सरकार स्कूल वाहन सुरक्षा पॉलिसी की आड़ में स्कूल संचालको को परेशान करना बंद करें।

हादसे के बाद दहशत फैलाने वाले अधिकारी पहले कहा पर थे। अगर स्कूल वाहनों की निरंतर जांच होती रहती तो यह हालत नही होते। सरकार तथा अधिकारी व विभाग अपने गिरेबान में झांक कर देखें। अगर सरकार तथा अधिकरियों का इतनी चिंता है तो दुकानों की बेसमेंटों में चल रही अकेडमियों तथा जर्जर घरों में चल रहे किड्स प्ले स्कूलों पर करें। स्कूल संचालक रविवार को पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहन सुरक्षा पॉलिसी के तहत स्कूल बसों की निरतर जांच होनी चाहिए। बावजूद इसके स्कूल बस चालकों के कभी वर्दी का बटन टूटने तो कभी जेब पर नेम प्लेट न होने के नाम पर चालान काटे जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों के प्राचार्य अपने समकक्ष निजी स्कूल प्राचार्य की गरिमा का भी ख्याल नही रख पा रहे हैं। बडे.ओहदों पर अधिकारी निजी स्कूल संचालकों के खिलाफ अनगर्ल बोल रहे हैं। सरकार कानून लेकर आई है कि 16 साल से कम के छात्र अकेडमियों में नही जाएंगे। जबकि यह धड़ल्ले से हो रहा है। यही हाल किड्स प्ले अकेडमियों का है। उनकी तरफ कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। पहले 134ए, फिर चिराग, अब आईटी का नीयम थौंप दिया गया है। जबकि पैमेंट पिछले आठ साल से अटकी हुई है। पहले स्कूल बसों पर पैसेंजर टैक्स नही था, अब वह भी वसूला जा रहा है।

जींद। निजी होटल में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते सुभाष श्योराण और अन्य निजी स्कूल संचालक। *फोटो : हरिभूमि*

जिले में बस पासिंग की सुविधा नहीं

जिले में बस पासिंग की कोई सुविधा नहीं है। जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल संचालन के न जाने कितनी शर्त हैं। जिनको पूरा करने के बाद संचालन की अनुमति मिलती है। जबकि अकेडमियों तथा किड्स प्ले के लिए ऐसी शर्त नहीं है। ना वे शर्तो को पूरा करते हैं। जिसको लेकर अधिकारी आंखें बंद किए बैठे हैं। स्कूल संचालकों के लिए बच्चों की सुरक्षा तथा शिक्षा सवार्ेपरि है। इनकी परेशानी का ध्यान सरकार को रखना चाहिए। दुर्घटना चालक की वजह से होती है।

बसों के चालकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था करें

सरकार को चाहिए कि वह अच्छे नीयम बनाए, समय पर स्कूल बसों के चालकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था करे, निरंतर वाहनों की जांच करें, ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसे, जो गैर कानूनी तरीके से बच्चों के स्कूल लेकर जा रहे हैं। स्कूल वाहन सुरक्षा समिति में प्राइवेट स्कूल का नुमाइंदा होना चाहिए लेकिन मौजूदा हालात ऐसे बनाए हुए हैं जो दहशत पैदा कर रहे हैं। इस मौके पर परूषोतम शर्मा, रमेश सैनी, दलशेर लोहान समेत काफी संख्या में स्कूल संचालक मौजूद थे।

दस किलोग्राम चूरा पोस्त के साथ दो सीआईए के हत्थे चढ़े

- गांव धमतान साहिब मे महिला से खरीद कर लाए थे दोनों

जींद। सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव ढाबी टेकसिंह से पिपलथा रोड पर दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दस किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। दोनों आरोपित एक महिला से चूरा पोस्त को खरीद कर लाए थे। गढ़ी थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

सीआई स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव दबलैन निवासी अमन तथा गांव धमतान साहिब निवासी दीपक नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करते हैं। दोनों नशीले पदार्थ के साथ राजा वाली गौहर पर खड़े हुए हैं। पुलिस कर्मी जब ढाबी टेक सिंह पिपलथा रोड पर पहुंचे तो दोनों पुलिस पार्टी को देख कर पेडों में छुपने लगे। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों को काबू कर लिया। दोनों पालिथीन मे पांच-पांच किलोग्राम चूरा पोस्त था। दोनों ने बताया कि वे चूरा पोस्त गांव धमतान साहिब निवासी सुनीता से खरीद कर लाए थे। गढ़ी थाना पुलिस ने सीआईए कर्मी की शिकायत पर अमन, दीपक तथा सुनीता के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पकडे. गए अमन तथा दीपक से पूछताछ शुरू कर दी है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी रायसिहं ने बताया कि दोनों आरोपितों को चूरा पोस्त के साथ पकडा गया है।

खबर संक्षेप

महावीर जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

उचाना। शहर में भगवान महावीर जयंती पर श्री तेरापंथ भवन से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के समापन पर महासाध्वी ज्ञान प्रभा महाराज द्वारा मंगल पाठ सुनाया गया। सुबह 5 बजकर 15 मिनट से शुरू होने वाले ये प्रभात फेरी पूरे शहर के बाजारों से होकर एसबीआई बैंक के पास भगवान महावीर चौंक पर सम्पन्न हुई। महासाध्वी ज्ञान प्रभा ने कहा कि हमें भगवान महावीर के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। अहिंसा परमो धर्म, जीओ और जीने दो के उनके सिद्धांत पर आगे बढ़ने चाहिए।

दुकान को टूटा ताला, घी चायपत्ती, चावल ले उड़े

जींद। बीरबल नगर नरवाना में बीती रात चोरों ने दुकान को ताला तोड़ कर चाय पत्ति, देशी घी, चावल के कट्टे व अन्य सामान को चोरी कर लिया। बीरबल नगर नरवाना निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ कर छह कट्टे चाय पत्ति, दो पेटी देशी घी, दो कट्टे चावल को चोरी कर लिया। चोरी का उस समय पता चला जब वह दुकान पर पहुंचा। जब उसने दुकान के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे की फूटेज को जांचा तो उसे दर्जनभर महिलाएं चोरी कर करती नजर आईर्। शहर थाना पुलिस ने नरेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान से 30 हजार की नगदी व दस्तावेज चोरी

जींद। भिवानी रोड पर चोरों ने कबाड़ी दुकान का ताला तोड़ कर नगदी, दस्तावेज व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी रोड निवासी मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर 30 हजार रुपये की नगदी, जरूरी दस्तावेज, इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। मोहन ने आरोप लगाया कि बैटरी से हुए रिसाव केमिकल के निशान एक व्यक्ति संदीप के घर तक जाते हैं।

मुसीबतः अंडरब्रिज के नीचे की लाइटें ठीक नहीं

बिना लाइटों के मिनी बाईपास पर ब्रिज के नीचे अंधेरा ही अंधेरा

बिना लाइट के रात के अंधेरे में महिलाओं का यहां से निकलना हो रहा है दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। मिनी बाईपास जहां रात को अंधेरा ही अंधेरा रहता है।


जींद। अंडरब्रिज के नीचे खराब पड़ी लाइटें।

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि मिनी बाईपास पर अंडरब्रिज के नीचे की लाइटें ठीक करवाने के नाम पर नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। राजकुमार गोयल ने इस मामले में डीसी मोहम्मद इमरान रजा से हस्तक्षेप करने की मांग की है। बिना लाइट के रात को मिनी बाईपास पर ब्रिज के नीचे अंधेरा ही अंधेरा रहता है। जिसके चलते रात के अंधेरे में बहू, बेटियों का यहां से निकलना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि रोहतक रोड मिनी बाईपास पर अंडर ब्रिज के नीचे लगी लाइटें पिछले लंबे समय से खराब पड़ी हैं। इस बारे मे नगर परिषद को कई बार ये लाइटें ठीक करवाने को कहा गया तो नगर परिषद का जवाब था कि अंडरपास के नीचे की लाइटें पीडब्ल्यूडी विभाग के अंडर आती हैं। जब पीडब्ल्यूडी विभाग को ये लाइटें ठीक करवाने को कहा गया तो उनका जवाब था कि ये लाइटें नगर परिषद के अंडर आती हैं। दोनों विभाग लाइटे ठीक करवाने के नाम पर ठीकरा एक-दूसरे के सिर फोड़ रहे हैं। कोई भी लाइटें ठीक करवाने को तैयार नही है। बिना लाइटों के यहां रात को अंधेरा ही अंधेरा रहता है। जिसके चलते बहु व बेटियों को यहां से निकला दूभर हो गया है। नशेड़ियों द्वारा यहां रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए राहगीरों को तंग करने के कई मामले भी सामने आ चुके है। ऐसे में राहगीरों को और भी 'यादा दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। गोयल ने इस मामले में जींद के डीसी से हस्तक्षेप करने की मांग की है। गोयल ने डीसी से मांग की कि दोनों विभागों में से कोई भी लाइटें ठीक करवाने को तैयार नही है। बिना लाइटों के हर रोज राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है। ये लाइटें ठीक करवाने में कई लाखों रुपये खर्च नहीं आना है। हजारों रुपये में लाइट लग जानी है और यहां उजाला हो जाना है। गोयल ने मांग की कि यहां रोहतक रोड मिनी बाईपास पर अंडरब्रिज के नीचे जल्द से जल्द लाइटों की उचित व्यवस्था करवाई जाए ताकि रात के समय राहगीरों को आने जाने में दिक्कतों का सामना न करना पडे।

सीवरेज समस्या से परेशान लोगों ने किया रोष प्रदर्शन

नरवाना। शहर के बस स्टैंड रोड पर सीवरेज की समस्या से परेशान लोगों ने रविवार सुबह जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने। इसके बाद जन स्वास्थ्य विभाग के के गोविंद गोयल जाम लगा रहे लोगों के बीच पहुंचे और शाम तक सीवरेज समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोगों ने जाम खोला। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगा रहे पार्षद आशुतोष शर्मा, पूर्व पार्षद राजू एमसी ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को समस्या से पहले कई

अवगत करवाया गया लेकिन अभी तक सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। मजबूरी में पटेल नगर वासियों को जाम लगाना पड़ा।

जींद। जैजैवंती गांव में पेयजल किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण।

हिंद केसरी के गांव जैजैवंजी में गहराया पेयजल संकट

- ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किया रोष प्रकट
- जलघर की मिली हुई है मंजूरी छह माह बाद भी निर्माण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलानाक्षेत्र के जैजैवंती गांव में आजकल ग्रामीणों को भारी पेयजल संकट से होकर गुजरना पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जो पानी सप्लाई किया जाता है वो किसी भी लिहाज से पीने लायक नही होता क्योंकि पानी का टीडीएस लगभग 3000 होता है। इतना टीडीएस का पानी स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव डाल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेट, कैंसर और चर्म के रोगी बढ़ रहे हैं।

प्रशासन और सरकार की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। प्रशासन के रवैये को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। जैजैवंती गांव निवासी कुलदीप मलिक, संदीप, सत्यप्रकाश शर्मा, फूली, केला, ज्ञानो देवी आदि ने बताया कि गांव में कई सालों से गांव में पेयजल किल्लत बनी हुई है। कई बार इसकी शिकायत उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग से लेकरए विधायक और मंत्रियों तक गुहार लगाई लेकिन ग्रामीणों को कोरा आश्वासन ही हाथ लग पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में जलघर की मंजूरी तो दे दी लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी गांव में जलघर का निर्माण कार्य शुरू नही किया गया है। प्रशासन और सरकार के रवैये को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने जल्द ही जलघर के निर्माण कार्य को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया।

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नरेंद्र लाठर ने बताया कि जैजैवंती गांव में जलघर के निर्माण के लिए मंजूरी मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इस सप्ताह में जलघर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

जींद। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परामर्शदात्ता नीरज कुमार।

विद्यार्थियों को गुड टच, बैड टच के बारे में बताया

उचाना। ओम इंटरनेशन स्कूल दरोली खेड़ा में परामर्शदात्ता नीरज कुमार द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच, बैड टच के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। नीरज कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में इस तरह की बातों के बारे में जागरूक होना जरूरी है। हमें अच्छे, बुरे की समझ भी जरूरी है। किसी भी तरह की कोई बात हो तो अपने अभिभावकों, टीचर को जरूर बताए। किसी भी बात को बताने में किसी तरह का संकोच विद्यार्थी न करें। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातों के बारे में बताना जरूरी है क्योंकि घर में एवं बाहर रहते हुए आस-पास होने वाले अच्छे, बुरे की पहचान कर सकें। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को जागरूकता शिविर के तहत परामर्शदात्ता जागरूक करते रहते है। हमें अपने अच्छे, बुरे के बारे में पता होना चाहिए।

पर्यावरण शुद्धि एंव स्मृद्धि के लिए किया हवन-यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

जींद। हवन यज्ञ करते हुए आर्य समाज। *फोटो : हरिभूमि*

रविवार को आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने भजन एवं गीतों में ईश्वर स्तूति, उपासना एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जागृति का यशोगान किया गया।

आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि भारत वीर पुरुषों की भूमि रही है। अनेकों महापुरुषों ने समय-समय बलिदान देकर राष्ट्रीय सेवा की है। तात्या टोपे, नाना फड़नविश, रानी झांसी, झलकारी बाई, जिनतमहल, बादशाह जफर के साहबजादे, मंगल पाण्डेय, महाराजा नाहर सिंह, गोकुल सिंह, राव तुलाराम, उद्धमी नम्बरदार सात भाईयों सहितए जीन्द, अम्बाला, मेरठ, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ कालपी, झांसी, ग्वालियर, अवध इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में लाखों वीर बलिदानियों ने सवतंत्रता संग्राम की बली वेदी पर प्राणों की आहुति थी। वहीं शास्त्री ने कहा कि बदलते वातावरण में शुद्ध, सात्विक, पोष्टिक, प्राकृतिक ताजा आहार स्वास्थ्य के लिए लाभ प्रद है। इस मास में ताज फल साग सब्जी का सेवन करना शरीर की रोग रोधी क्षमता को विकसित करने के लिए अपरिहार्य है।

पर्यावरण की शुद्धि और रोग नाश के लिए यज्ञ करना अति आवश्यक : सुरेश चंद्र शास्त्री

जींद। आर्य समाज स्थापना दिवस के उपलक्ष में आर्य समाज जींद शहर का तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम रविववार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वत्जनों आचार्य रणवीर शास्त्री सहारनपुर, पंडित नरेश दत्त बिजनौर, आर्य समाज जींद शहर धर्माचार्य आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री द्वारा अपने भजनों और प्रवचनों के माध्यम से जन-सामान्य को वेद ज्ञान की महत्ता समझाने का प्रयत्न किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री ने बताया पर्यावरण की शुद्धि और रोग नाश के लिए यज्ञ करना अति आवश्यक है। श्रद्धापूर्वक अग्नि में दी हुई आहुतियां संस्कार के रूप में छाप डालते हुए अंतःकरण को पवित्र करती हैं। पंडित नरेश दत्त ने मधुर भजनों द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों के माध्यम से श्रोताओं को जीवन उपयोगी विचारों से लाभांवित किया। आचार्य रणवीर शास्त्री ने सत्याचरण पर बल देते हुए कहा कि सत्य वही बोलना चाहिए जिसमें दूसरों का हित हो। वेद प्रचार कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जगदीश आहूजा ने आर्य समाज द्वारा समाजहित में किए जा रहे कायोंर् की प्रशंसा की। तत्पश्चात शांति पाठ के बाद सात्विक प्रीतिभोज के साथ ही शांतिपूर्वक इस वेद प्रचार कार्यक्रम का समापन हुआ।

पाई के भाना में लगी आग से 100 एकड़ गेहूं के फाने जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

रविवार को पाई, भाना तथा करोड़ा तीन गांव के किसानों की लगभग एक सौ से अधिक गेहूं, फानों तथा तुडी के कुपों में अचानक आग लग गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का कोई पता नही चल पाया। किसान धर्मवीर व राजेंद्र ने बताया कि दोपहर के समय एक दम उनके गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग पाई व भाना के खेतों की तरफ से लगी ओर देखते- देखते करोडा के खेतों की ओर फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर बिग्रेड को फोन करके सुचित किया। इसके अलावा ग्रामीण भी अपने ट्रैक्टर लेकर निकल गये और आग लगे खेतों से कुछ आगे जाकर फसल को जोत दिया। फायर बिग्रेड की चार गाड़ीयां भी तुरंत मौके पर पंहुच गई और आग पर काबू पा लिया गया। गेहूं के अलावा किसानों द्वारा अपने पशुओं के लिये चारा बनाने के लिये रखे गये फाने तथा तुड़ी के कुप भी जल कर राख हो गये। उन्होने बताया कि इस आगजनी में कुछ गरीब तबके के छोटे किसानों की फसल व पशु चारा भी शामिल है। आग लगने से किसानों को काफी भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

गेहूं के वजन में अंतर पर भड़के

- गेहूं के वजन में अंतर मिलने पर की मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे किसान, नहीं मिले अधिकारी, एसडीएम को करेंगे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


जींद। मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे किसान।

गेहूं के काटे में तोल के वजन को लेकर आए अंतर की शिकायत मार्केट कमेटी सचिव के नाम उचाना संयुक्त किसान, मजदूर मोर्चा की अगुवाई में लिखित रूप में शिकायत देने पहुंचे लेकिन अधिकारी नहीं मिले। मार्केट कमेटी कार्यालय किसान नेता आजाद पालवां, सिक्किम सफा खेड़ी किसानों के साथ पहुंची। किसानों ने कहा कि अधिकारी अवकाश होने के चलते नहीं मिलने पर सोमवार को एसडीएम उचाना से मिलकर शिकायत देंगे। शिकायकर्ता किसान प्रवीण उचाना खुर्द ने अलग-अलग तोल के कांटों से वजन करवाया गया तो 37 किलोग्राम का फर्क वजन में आया है। किसान खेत से सीधे धर्म कांटे पर आकर गेहूं से भरी ट्राली का वेट करवा कर मंडी में गेहूं उतार जाता है। ऐसे में अगर वजन में फर्क होगा तो किसान को आर्थिक रूप से नुकसान होगा। जो धर्म कांटों के तोल की पर्ची है वो किसान के पास है। तोल को लेकर जांच उचाना के सभी धर्म कांटों की होनी चाहिए। इस मौके पर बलिंद्र श्योकंद, जोधाराम सेढ़ा माजरा, रघबीर पालवा, मेवा करसिंधु, रामफल, महाबीर, जंगीर, पाला, रायसिंह, मिया मौजूद रहे।

जींद। मंडी में लगे गेहूं के ढेर।

सात लाख क्विंटल के करीब पहुंची गेहूं की खरीद

उचाना। निरंतर मंडी में गेहूं की आवक बढ़ने से मंडी के फड़ों, सड़क किनारे बढ़े-बढ़े ढेर नजर आ रहे है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि अब तक उचाना मंडी, छातर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर 699811 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। उचाना मंडी में डीएफएससी ने 315992, हैफेड ने 193238 क्विंटल की खरीद की है। छातर सब यार्ड में डीएफएससी ने 55335 क्विंटल, हैफेड ने 46455 क्विंटल, घोघड़िया में डीएफएससी ने 52872 क्विंटल, काब्रच्छा में वेयर हाऊस ने 28125 क्विंटल, धनखड़ी में डीएफएससी ने 4249 क्विंटल गेहूं की खरीद की है।

सृष्टि फाउंडेशन का खोया खोया चांद कार्यक्रम 28 को

- सीएमओ एवं डिप्टी एमएस होंगे कार्यक्रम में मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह

शहर की जानी मानी समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन शहर में 28 अप्रैल रविवार को सायं सात बजे गजलों भरी एक बेहद दिलकश महफिल खोया-खोया चांद कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार यह कार्यक्रम शहर के अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सायं सात बजे शुरू होकर कार्यक्रम के अंत तक चलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल व मधु गोयल होंगे तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व सीमा भोला, महावीर कंप्यूटर सम्मानित अतिथि के रूप में एवं आमंत्रित अतिथि के रूप में शहर के उद्योगपति एवं समाजसेवी वरदान अस्पताल डायरेक्टर मीना शर्मा, पवन गर्ग, रमेश सेहरावत, गगन बैरागी तथा विनोद गर्ग गजल कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि गजलों भरी शाम पूर्णतः पारिवारिक होगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों के अतिरिक्त बाहर से भी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सृष्टि फाउंडेशन के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। जिसमें प्रधान सुनील गोयल, उपप्रधान सुनील गोयल, प्रमोद बंसल, सचिव आशीष भारद्वाज, कैशियर राजेश गर्ग, संजय सिंगला, अनिल सिंगला, सुरेंद्र गर्ग, अनिल मंगला, डा. मंजू सिंगला, डा. सीमा सिंह, मंजू गर्ग व मनीषा बंसल उपस्थित रहे।

युवती का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया, केस

जींद। युवती के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बना परेशान करने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके नाम से किसी व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया हुआ है। अकाउंट पर लोड की जाने वाली पोस्टों से उसकी छवि खराब हो रही है। जिसके चलते उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

साइबर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मच्छरों के प्रकोप को कम करने की तैयारी

तालाबों में डाली गम्बूजिया मछलियां

- कोई भी बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं : डा. अन्नू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। तालाबों में गंबूजिया मछली छोड़ते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही मलेरिया, डेंगू बीमारी अपने पांव पसारना शुरू कर देती हैं। मलेरिया, डेंगू बुखार मच्छरों के काटने से होता है। मच्छरों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जनता को जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयासरत रहते हैं। जिसमें घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया, डेंगू, बुखार से बचाव, सावधनियों व उपचार के बारे जनता को पम्पलेट बांट कर, होडिंग्र्स लगा कर, नुक्कड़ नाटकों, नुक्कड़ सभाओं द्वारा जागरूक किया जाता है। बुखार के मरीजों की ब्लड स्लाइड बना कर उनको लैब में टेस्ट हेतु भेजते हैं व मौके पर उचित उपचार देते हैं। इसी कड़ी में गांवों में बने तालाबों, अस्थायी गड्ढों में मच्छरों के बढ़ने के प्रकोप को रोकने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के चिकित्सा अधिकारी डा. अन्नू सिंगरोहा की अगुवाई में सुपरवाइजर सुरेश कुमार की टीम ने कंडेला के सभी सब सेंटरों जिनमें निर्जन, खोखरी, कंडेला, रुपगढ़, अमरहेड़ी इत्यादि गांवों के तालाबों में गम्बूजिया मछली डाली गई ताकि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसे बीमारी फैलाने वाले मच्छरों को व उनके लार्वा को गंबूजिया मछली खा कर जनता को बीमारी से बचाने में सहयोग करे। डा. अनु ने बताया कि हर साल गंबूजिया मछली को गांवों के तालाबों में डालते हैं ताकि बीमारी के मच्छरों की बढ़ोतरी को कम किया जा सके। उन्होंने जनता को जागरूक करते हुए अपील की की सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं। खुले में पानी न रहने दें। हलका बुखार या बुखार के लक्षण होने पर तुरंत चिकित्स से उपचार करवाएं।

भगवान हनुमान की जयंती को लेकर सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ›› सीवन

गोशाला सेवा समिति सीवन की ओर से गौशाला के प्रांगण में भगवान हनुमान जी की जयंती का आयोजन 23 अप्रैल को किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह आयोजन गौशाला के प्रांगण में किया जाएगा। इस कार्यक्रम शुभारंभ संत छवि राम दास दीप प्रज्ज्वलित करके करेंगे। शाम को 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसमें बाला जी संकीर्तन मंडल की ओर से भगवान हनुमान जी का गुणगान किया जाएगा। उपरोक्त विचार गौशाला सेवा समिति के प्रधान नरेन्द्र सैनी व कोषाध्यक्ष प्रशांत आनन्द ने गौशाला प्रांगण में पत्रकारों से बात करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार गौशाला सेवा समिति सीवन की ओर से भगवान हनुमान जी की जयंती 23 अप्रैल दिन मंगलवार को गौशाला के प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी इसके लिए सभी सदस्यों में उत्साह है। इसके लिए सभी सदस्यों को जो भी कार्य सौंपे गए थे वह पूर्ण कर लिए गए हैं। इस अवसर पर चन्द्रभान सैनी, कृष्ण वधवा, पाली सैनी व अन्य मौजूद रहे।

सीवन। पत्रकारों से बात करते समिति के प्रधान व अन्य

धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव : सोहनलाल शर्मा

पूंडरी। चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के अवसर पर 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जी जन्मोत्स्व प्राचीन हनुमान मंदिर पूंडरी में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें हनुमान जी का स्नान श्रृंगार करवाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी सोहनलाल शर्मा ने बताया कि जो भक्त जन हनुमान जी का स्नान, श्रृंगार, उद्धापण करवाना चाहते हैं वे करवा सकते है। उसके बाद हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमानअष्टक का पाठ किया जाएगा। हवन के पश्चात प्रशाद का भोग लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हनुमान जी के स्मरण मात्र से सभी कष्ट द्धुविधाओं से छुटकारा मिलता है तथा मन परमात्मा के चरणों मे लगता है। उन्होंने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि प्राचीन हनुमान मंदिर पूंडरी में पहुंचकर पुण्य के भागी बने। इस मौके पर आशु गोयल, पंकज मित्तल, सुरेश कुमार, राजू मनचंदा, महाबीर सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

पूंडरी में 12 मई को हल्का स्तर पर भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी : नरेंद्र शर्मा

पूंडरी। पूंडरी में कैथल रोड पर स्थित सरपंच राजकिशन शर्मा पिलनी के प्रतिष्ठान पर हल्का ब्राह्मण सभा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हलका प्रधान नरेंद्र शर्मा पिलनी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य भगवान परशुराम की जयंती मनाने को लेकर विचार-विमर्श करना था। जिसमें निर्णय लिया गया की 12 मई को पूंडरी के रजनी रॉयल में भगवान परशुराम की जयंती हल्का स्तर पर मनाई जाएगी। जिसमें समाज के मौजूदा और पूर्व मंत्री, विधायक, जिला परिषद मेंबर, ब्लॉक समिति मेंबर, पंच-सरपंच सबको निमंत्रण दिया जाएगा। जयंती को सफल बनाने के लिए हलके के हर गांव में जाकर के समाज के लोगों को न्योता दिया जाएगा। प्रधान नरेंद्र शर्मा ने कहा कि सभा का मुख्य उद्देश्य खासकर युवाओं को शिक्षा की दृष्टि से विकसित करना। सामाजिक कुरीतियों से बचाना व बच्चों को पढ़ने के लिए एक लाइब्रेरी का गठन करना। इसके अलावा उन बच्चों को प्रोत्साहित करना जो किसी भी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चों को वेद, कर्मकांड और शास्त्रों की शिक्षा दिलवाना मुख्य तौर पर रहेगा।

खबर संक्षेप

नियमों विरुद्ध प्रचार पर होगी कार्रवाई : पंवार

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों का आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी।

मुख्य मार्ग पर टूटी होने से बनी जाम की स्थिति

राजौंद। राजौंद के असंध कैथल मुख्य मार्ग पर टूटी हुई सड़क के कारण आए दिन जाम लगना आम बात होती जा रही है। लेकिन इस सड़क की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। जिसका खामियाजा दुकानदारों व आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क पर ट्रैफिक कब जाम हो जाए इसका कोई टाइम नहीं है। सड़क पर बने गड्ढों में जब भी कोई वाहन फंस जाए तो वाहनों लंबी लाइनें लग जाती हैं।

गेहूं से भरी मंडी, धीमा उठान से आढ़ती परेशान

राजौंद। अनाज मंडी में रविवार तक 208678 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जबकि 77000 क्विंटल गेहूं का उठान ही हो पाया है। उठान कार्य में कुछ प्रतिशत वृद्धि हुई है, परंतु मंडी अभी भी बोरियों से अटी पड़ी है। इससे किसानों को कच्चे में गेहूं डालने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मार्केट कमेटी के सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि रविवार को खरीद का कार्य नही किया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता

कैथल। जिले के गांव रोहिडियां से 30 वर्षीय विवाहिता के बिना बताए घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में तोशाम जिला भिवानी की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 अप्रैल को गांव रोहेडिया से उसकी 30 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से लापता हो गई। उन्होंने उसके आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस जांच में जुटी है।

मांगों की अनदेखी पर चलाया जाएगा अभियान

कैथल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ 27 अप्रैल को एक बड़ी कन्वैशन व बैठक कर उनकी मांगों बारे पिछले 9-10 सालों से सरकार की अनदेखी के चलते जनता के बीच उसकी रिटायर्ड विरोधी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोलों अभियान चलाएगा। यह बात आज यहां जवाहर पार्क में कैथल की रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मदनलाल पहलवान ने कही।

गेहूं उठान की धीमी गति को लेकर ली बैठक

कलायत। कलायत अनाज मंडी व खरीद केंद्रों पर गेहूं उठान की धीमी गति को लेकर रविवार को एसडीएम सत्यवान मान ने मार्किट कमेटी कार्यालय में बैठक ली। इसमें मार्किट कमेटी सचिव अरविंद श्योकंद, वेयरहाउस जिला प्रबंधक सुनीता चहल, प्रचेजर पिंकी बुरा, हैफड़ जिला प्रबंधक कृष्ण श्योराण, प्रचेजर पवन कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी, दोनों आढ़ती एसोसिशनों के प्रधान, गेहूं उठान एजेंसी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नशे के दुष्परिणामों बारे करवाया गया अवगत

कैथल। नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव गढी व गांव पाडला में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई।

मौसम खराब होने से बढ़ी किसानों और व्यापारियों की चिंता

कैथल की अनाज मंडियों में खुले में पड़ा हजारों मीट्रिक टन गेहूं

शहर की तीनों मंडियों में अब तक 13 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की हो चुकी आवक

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल

शहर की अनाज मंडियों में उठान धीमा होने के कारण आढ़तियों व किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। अतिरिक्त अनाज मंडी, नई व पुरानी अनाज मंडी में लाखों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। इस समस्या को लेकर पुरानी अनाज मंडी की एसोसिएशन एक दिन पहले मार्केट कमेटी बसाऊ राम से मुलाकात भी कर चुकी है। शहर की तीनों मंडियों में 13 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से महज सात लाख क्विंटल गेहूं का ही उठान हो पाया है। मंडी में उठान की समस्या को एसोसिएशन के प्रधान श्याम बहादुर खुरानिया ने बताया कि मंडी में उठान धीमा होने के कारण गेहूं डालने के लिए जगह नहीं बची है। यदि सड़क पर गेहूं डालते हैं तो आढ़तियों को नोटिस दे दिया जाता है। ऐसे में अब वे गेहूं कहां डाले। इस समस्या का जल्द ही समाधान किया जाना चाहिए। आढ़तियों ने कहा कि गेहूं की बोरियों को उठाने के लिए गाड़ियां नहीं मिल रही हैं। इस कारण इंतजार करना पड़ रहा है। आढ़तियों का कहना है कि पुरानी अनाज मंडी साढ़े चार एकड़ में है, जो शहर के बीचों-बीच स्थित है। छोटी मंडी होने के कारण सीजन में जाम की स्थिति रहती है। सीजन से पहले मार्केट कमेटी सचिव के साथ हुई बैठक में भी आढ़तियों ने कहा था कि उठान में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इसलिए पहले ही उचित प्रबंध किए जाए। नियमित रूप से आढ़तियों को गाड़ी मिलनी चाहिए, जो नहीं मिल रही हैं। गाड़ियों को लेकर लेबर दिनभर खाली बैठने को मजबूर है। प्रधान ने कहा कि हैफेड एजेंसी का माल ट्रक चालक इसलिए नहीं उठा रहे हैं, क्योंकि गोदामों में ट्रकों से बोरियां उतारने के लिए लेबर कम है। वहां ट्रक चालकों को लाइनों में लगकर इंतजार करना पड़ता है। इसलिए हैफेड का उठान नहीं हो पा रहा है। समय पर उठान न होने के कारण भुगतान में भी देरी हो रही है। वहीं, खरीद एजेंसी अधिकारियों का कहना है कि मजदूर काफी कम मिल रहे हैं। इस कारण गेहूं ट्रकों से उतारने में देरी हो रही है।

कैथल। अनाज मंडी में पड़ी गेहूं की बोरियां।

मुख्यमंत्री सैनी ने दिया मंडी की सभी समस्याओं को जल्द हल करने का आश्वासन : रुलदू राम

गुहला चीका। अतिरिक्त अनाज मंडी के पूर्व प्रधान रुलदू राम ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मंडी में आढ़तियों को जो परेशानियां आ रही हैं, उनका जल्द ही हल कर दिया जाएगा। रुलदू राम प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करने के पश्चात आज यहां अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से रू ब रू हो रहे थे। रुलदू राम ने बताया कि उन्होंने कल ही मंडी के कुछ आढ़तियों के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर आढ़तियों के समक्ष आ रही समस्याओं बारे उन्हें अवगत करवाया और हल करने की मांग की। उन्होंने बताया कि आढ़तियों की मुख्य समस्याओं में अतिरिक्त अनाज मंडी में बैठे आढ़तियों के मार्केट कमेटी द्वारा लाइसेंसों का नवीनीकरण ना करना व नई अनाज मंडी में बूथों में बैठे आढ़तियों से उनके लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर प्रत्येक लाइसेंसधारी से रुपए वसूलना आदि मुख्य रूप से शामिल है।

गेहूं की अंतिम ट्राली तक भंडारा व ठंडे पानी की छबील जारी रहेगी : सतपाल जांबा

पूंडरी। स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक सतपाल जांबा ने कहा कि अदानी साइलो गोदाम सोलु माजरा में जब तक गेहूं की अंतिम ट्राली तक की खरीद नहीं होगी, तब तक भंडारा और ठंडे पानी की छबील जारी रहेगी, इसके लिए अदानी साइलों के अधिकारियों का भी उन्हें सहयोग मिलता है। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सतपाल जांबा ने कहा कि जो अदानी साइलो है, उसके आसपास थोड़ी गंदगी है, उसकी भी सफाई करने के बाद यहां फॉगिंग करवा रहे हैं, क्योंकि दिन-रात यहां किसान, मजदूर और अन्य कर्मचारी-अधिकारी बैठते हैं, उन्होंने मच्छरों की भरमार बताई है, जिसको लेक्ट जल्द ही यहां फॉगिंग करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता विकास की पहली सीढ़ी है, स्वच्छता न के बिना विकास भी नजर नहीं आता के इसलिए हर आदमी ने स्वच्छता में अपना योगदान देना चाहिए। हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालकर रखना चाहिए और पंचायत या नगर पालिका की गाड़ी को देना चाहिए। यदि हर आदमी स्वच्छता प्रति सजग होगा तो स्वच्छता अवश्य रहेगी।

स्टेडियम न होने से दम तोड़ रहे खिलाड़ी

राजौंद। सरकार एक ओर जहां प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व खिलाड़ियों को हर सुविधा मुहैया करवाने के दावे करती है। वहीं राजौंद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेल का आधार एक अदद मैदान तक नहीं है। जिस कारण खिलाड़ियों को खाली खेतों व गलियों में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र में अधिकतर गांवों में खेल मैदान के अभाव के चलते खिलाड़ियों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। खिलाड़ी दीपक, विशाल कृष्ण, रामदिया, मोनू, बीरू, बिल्ला, रामफल खिलाड़ियों ने बताया कि खेलने के लिए खेल मैदान न होने के कारण युवाओं को खेलों से वंचित रहना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि वह खेल मैदान के अभाव में वह न तो खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवा सकते हैं तथा न ही वह अभ्यास कर सकते हैं। इन खिलाड़ियों ने बताया कि खेतों में बनाए गए अस्थाई मैदानों में भी उन्हें कुछ दिन खेलना ही नसीब हो पाता है। क्योंकि खाली खेतों में कुछ दिन बाद बिजाई कर दी जाती है, जिससे उनसे वह मैदान भी छिन जाते हैं। इसके बाद खिलाड़ियों को गांव की सड़कों व गलियों में खेलना पड़ता है। इन खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि खेल के मैदान के अभाव में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिलता, जिससे कई प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं। खिलाड़ियों ने कहा कि नगर में एक अच्छा खेल स्टेडियम बनाकर उसमें एक कौच की नियुक्ति की जाए तो उससे कई होनहार खिलाड़ी प्रदेश व देश व विदेश तक अपनी बहादुरी के परचम लहरा सकते हैं।

राजौंद की बेटी ने गोशाला को दी 35 लाख की राशि

राजौंद। जींद मार्ग पर स्थित केशव माधव गौशाला में राजौंद की एक बेटी के परिवार ने 35 लाख रुपए गउशाला की जमीन खरीदने के लिए दिए। इस पर केशव गौशाला प्रबंधक कमेटी ने आभार प्रकट किया। इस बारे सतपाल मित्तल ने बताया कि उनकी बहन कोशल्या का 12 दिन पूर्व स्वर्गवास हो गया था व उनके बहनोई की भी पहले ही मृत्यु हो चुकी है उनके पुत्र रमेश कुमार गोयल ने अपने माता-पिता की याद में 35 लाख रुपये 1 एकड़ भूमि खरीदने के लिए केशव माधव गौशाला राजौंद को दान दिए हैं। इससे पहले उनकी बहन ने पिछले साल भी ढाई लाख रुपये अपने हाथों से गौशाला के लिए दान किए थे। इसके अलावा 31 लाख रुपए खनोरी पातडा में गौशाला के लिए दान किए है। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से खनोरी में रहते थे लेकिन वर्तमान में चंडीगढ़ में रह रहे हैं। इसके लिए गौशाला कमेटी के प्रधान राम भगत हरित ने बताया कि ऐसे नेक काम सबको करने चाहिए गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्य किया है इसके लिए उन्होंने प्रशंसा करते हैं उन्हें शुभकामनाएं दी और उ'जवल भविष्य की कामना की।

सूर्यदेव उगलने लगा आग तापमान पहुंचा 36 के पार

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल

बढ़ती गर्मी ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है। सूर्यदेव सुबह से लेकर सायं तक आग उगलते नजर आ रहे हैं। अधिक गर्मी के चलते मौसमी बिमारियां भी लोगों को तंग करने लगी है। गर्मी के साथ ही सांस, दमा, खांसी, नजला, बुखार व स्किन संबंधी बीमारियां होने लगी है। इसके साथ ही दोपहर के समय में गर्मी होने से बाजार व सड़कें भी सुनसान होने लगी है। आगामी 22 व 23 अप्रैल को मौसम में बदलाव होने की संभावना है। दो दिन आंशिक बादल और एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल के अंत तक लू चलने की संभावना है। इससे पहले 23 व 24 अप्रैल को हल्की बारिश भी होने की संभावना है।

23 व 24 को छाएंगे बादल

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डा. रमेश वर्मा ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को आसमान में आंशिक बादल छाए रहने और और कई स्थानों पर गरज चमक व बूंदाबांदी होने की संभावना है। 24 व 25 अप्रैल को आमतौर पर मौसम साफ बना रहेगा। 26 अप्रैल को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

स्कूटी चोर काबू स्कूटी बरामद

कैथल। वाहन चोरों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। गांव शादीपुर में मंदिर के बाहर से स्कूटी चोरी करने के मामले की जांच चौकी महमुदपुर पुलिस के एएसआई बलवान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रोशन कालोनी समाना पंजाब निवासी जशनदीप को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वैडचा पत्ती समाना जिला पटियाला पंजाब निवासी बन्टी कुमार 17 अप्रैल को वह अपनी स्कूटी पर माता माईसर मन्दिर गांव शादीपुर में आया था। जहां मंदिर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति उसकी स्कूटी चुरा ले गया। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा स्कूटी बरामद कर ली गई।

भाजपा ने ढांड रोड पर खोला लोकसभा चुनाव कार्यालय

- राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल

बीजेपी कैथल विधानसभा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन ढांड रोड नजदीक महाराजा पैलेस कैथल में किया गया। कार्यालय में सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यातिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने की। कैथल विधायक लीला राम गुज्जर ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा की जब विपक्ष सोच भी नही सकता था उस वक्त ही भाजपा ने अपने हरियाणा में दस की दस लोकसभा में और 90 की 90 विधानसभायो में चुनावी कार्यालय खोल दिए थे। उन्होंने आगे कहा कि भारत देश सबसे बड़े लोकतंत्र पर्व को मानने जा रहा है। सभी नागरिक इस लोकतंत्र के पर्व में बड़ चढ़ कर भाग ले और अपने मत का प्रयोग करे। उन्होंने कहा की आज कांग्रेस को लोकसभा का चुनाव लडने के लिए भी उम्मीदवार नहीं मिल रहे और भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा की भाजपा ने जो 400 पार का नारा दिया है उस नारे को कार्यकर्ता अपनी मेहनत से जरूर सफल करेंगे। पहले भी कार्यकताअरं ने अपनी मेहनत के बल पर भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनवाई है और तीसरी बार जीत की हैट्रिक भी कार्यकर्ता अपनी मेहनत से बनवाएंगे। इस मौके पर चेयरमैन सुरभि गग,र् मनीष कठवाड,. सुरेश गर्ग नोच, सुरेश राविश, उमेश शमा,र् महामंत्री सुरेश संध,, रामपाल राणा , राज रमन दीक्षित, भीम सेन अग्रवाल, बलविंदर जांगड़ा, हिमांशु गोयल, राजेश शर्मा पिंटू, नरेश मित्तल, ऊषा मचल, हरि चंद जांगड़ा, ज्योति सैनी, कृष्ण सैनी, गोपाल सैनी, रमनदीप कोर आदि मौजूद थे।

कैथल। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला कार्यालय का शुभारंभ करते हुए।

मंगलवार को रात 10 बजकर 32 मिनट तक चित्रा नक्षत्र रहेगा

इस बार हनुमान जयंती 2024 पर बना खास संयोग

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल

इस साल हनुमान जयंती मंगलवार के दिन पड़ रही है। ऐसे में इस जयंती में पूजा करने का कई गुना अधिक फल मिलेगा। इसके साथ ही सुबह से लेकर रात 10 बजकर 32 मिनट तक चित्रा नक्षत्र रहेगा। हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का विशेष महत्व है। इस पर्व को शक्ति, भक्ति और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन हनुमान जी की विधिवत पूजा करने से व्यक्ति को हर तरह की बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही भगवान श्री राम भी प्रसन्न होते हैं और कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। कहा जाता है कि भगवान हनुमान का जन्म सूर्योदय के समय हुआ थाष इसी के कारण इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान आदि करने के साथ हनुमान जी की विधिवत पूजा की जाती है। इसके साथ ही इस हनुमान चालीसा, मंत्र आदि पड़ने से वह अति प्रसन्न होते हैं।

भगवान हनुमान के मंत्र

हनुमान जी का मूल मंत्रः

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः॥ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट्।

मना सकते हैं हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सुबह जल्दी उठें और नहाने के बाद सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें।

घर के मंदिर में गणेश पूजा के बाद हनुमान जी की पूजा करें। हो सके तो इस दिन 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। सुंदरकांड का पाठ करें। उड़द के आटे से दीपक बनाएं और सूत के धागे से बत्ती बनाएं और तेल डालकर हनुमान जी के सामने ये दीपक जलाएं। अगर कोई व्यक्ति बीमारियों से परेशान है तो उसे हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर नासै रोग हरे सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा। इस चौपाई का जप कम से कम 108 बार करें। ध्यान रखें डॉक्टर द्वारा बताए गए नियमों का पालन जरूर करें।

हनुमान जी के अलग-अलग नाम और उनके कारण

मारुति - मरुत का अर्थ होता है पवन। मरुत होने होने से हनुमान जी को मारुति कहा जाता है।

हनुमान - जब अंजनी पुत्र छोटे थे, उस समय उन्होंने सूर्य को निगल लिया था। तब इन्द्र ने वज्र से अंजनी पुत्र पर प्रहार किया था, जिससे उनकी हनु अर्थात ठोड़ी पर चोट लगी थी। इस वजह से इन्हें हनुमान कहा जाता है।

बजरंग - ब्रह्मा जी के वरदान से इन्हें वज्र के समान शरीर प्राप्त हुआ है। हनुमान जी पर वज्र का भी असर नहीं होता है। इस वजह से इन्हें बजरंग कहा जाता है।

श्रीराम को समर्पित है हनुमान जी का जीवन

हनुमान जी ने अपना जीवन श्रीराम को समर्पित किया है। वे हर पल श्रीराम की भक्ति में लीन रहते हैं। हनुमान जी ने श्रीराम की मित्रता सुग्रीव से कराई, लंका में सीता का पता लगाया, लंका दहन किया, संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाए। हनुमान जी के इन कामों की वजह से श्रीराम खुद को हनुमान जी का ऋणी मानते हैं। हनुमान जी अष्टचिंरजीवियों में से एक हैं यानी वे हमेशा जीवित रहेंगे। चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल 2024 को सुबह 03 बजकर 25 मिनट पर आरंभ होगी और 24 अप्रैल 2024 को यानी अगले दिन सुबह 05 बजकर 18 मिनट पर इसका समापन होगा. ऐसे में हनुमान जयंती का त्योहार 23 अप्रैल दिन मंगलवार को ही मनाया जाएगा. हनुमान जयंती का त्योहार 23 अप्रैल दिन मंगलवार को मनाया जाएगा।

बाइक चोरी के मामले में उद्घोषित अपराधी काबू

कैथल। पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहीम अंतर्गत चौकी रामथली पुलिस द्वारा बाइक चोरी मामले में पीओ आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी प्रवेश को काबू किया गया। बता दें कि आरोपी प्रवेश पर 4 सितंबर 2019 को पीडल बस अड्डा के पास से बाइक चोरी करने के आरोप है। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी प्रवेश को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 16 अप्रैल 2024 को पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

बच्चों के सवांगीण विकास में महत्वपूर्ण एफ एलएन

जींद। निपुण मिशन के तहत प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा और शिक्षा को रोजगारपूरक बनाने के उद्देश्य से कक्षा पहली से पांचवी के बच्चे अब सरकारी विद्यालयों की और आकर्षित होते हुए कक्षा कक्ष में प्रिंट रिच और पाठ्य सहायक सामग्री का इस्तेमाल करते हुए मनोरंजन तरीके से अपना शिक्षण कर रहे हैं। नई शिक्षा निति के तहत रटने कि प्रवृति से दूर कर रहे।

हमले की साजिश का आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआईए ने लगभग एक साल पहले खटकड़ टोल प्लाजा मैनेजर पर फायरिंग कर जानेलेवा हमला करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। खटकड़ टोल प्लाजा के मैनेजर राजकुमार ने 13 अप्रैल 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सड़क पर टहल रहा था।

कैथलः चोरों ने स्कूटी तथा टेंपो चुराया

कैथल। जिले में चोर अल-अलग स्थानों से स्कूटी तथा टेंपो चुराकर ले गए। पहले मामले में पट्टी समाना के बंटी कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 19 अप्रैल को गांव शादीपुर से उसकी स्कूटी चुरा कर ले गए। चुराई गई स्कूटी की कीमत करीब 20000 बताई गई है। सब इंस्पेक्टर विकास ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार से दूसरे मामले में सलेमपुर गामड़ी के मोनू ने बताया कि 18 अप्रैल को चोर गुहला तहसील के निकट खड़ा उसका टेंपो चुरा कर ले गए।

मकान की खिड़की तोड़ चुराए नगदी तथा गहने

जींद। गांव पीपलथा में बीती रात चोरों ने मकान की खिड़की तोड़ कर 15 हजार रुपये की नगदी तथा सोने के जेवरातों को चोरी कर लिया। पीपलथा निवासी सिमरन पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान की पीछे की खिड़की को तोड़ कर अंदर घुस गए और 15 हजार रुपये की नगदी तथा सोने के जेवरातो को चोरी कर लिया।

बाइक सवार ने महिला से सोने की बाली झपटी

जींद। गांव ढाठरथ खेतों में बाइक सवार नकाबपोश युवक एक महिला से सोने की बालियां छीन कर फरार हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाठरथ निवासी रामकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने नहर पुल के निकट खेत में सब्जी लगाई हुई है। दोपहर को वह अपने घर आ गया। उसकी मां खेत में अकेली थी। उसी दौरान नकाबपोश बाइक सवार खेत में पहुंचा और मां के कानों से सोने की बाली छीन ली।

मतदाता लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी : डीसी

मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर डाल सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता है। इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वे तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा लें ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक 26 अप्रैल 2024 तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बीएलओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फार्म 6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फार्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं। वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एपिक कार्ड के अलावा अन्य दस्तावेज दिखाकर भी डाल सकेंगे वोट

डीसी मोहम्मद इमरान रजा

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि एपिक कार्ड के अलावा मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, रा'य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सीईओ हरियाणा की वैबसाइट पर नागरिक अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चौक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चेक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हैल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके भी अपना वोट चेक कर सकते हैं।

डीसी के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश

जींद। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच व नियमों के विरूद्ध जाकर चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नही है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी अपना वोट डाल सकता है। यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

नरवाना में निःशुल्क बीसीजी कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। बीसीजी कैंप में वैक्सीनेशन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रविवार को शहर की एक सामाजिक संस्था द्वारा मॉडल टाउन में संचालित लैब में टीबीरोग की रोकथाम और जागरूकता के लिए निशुल्क विशाल बीसीजी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था सचिव राजेश टांक ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा इस पहले निशुल्क बीसीजी कैंप का शुंभारभ सीनियर दंत रोग विशेषज्ञ डॉ0 कपिल शर्मा द्वारा किया गया। टांक ने बताया कि इस बीसीजी वैक्सीनेशन कैंप में एएनएम सीमा देवी, मनीषा रानी ने वैक्सीनेशन में अपनी सेवाएं दी। टांक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वैक्सीनेशन 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक की स्वस्थ व्यक्तियों के लिए उपलब्ध होने के साथ-साथ पूर्व में टी0बी0 मरीजों के लिए, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों के लिए, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, कुपोषित व्यस्कों के लिए, धूम्रपान करने वाले और मधुमेह के मरीजों के लिए विशेष रूप से उपलब्ध है क्योंकि ये लोग टीबीरोग से सबसे पहले प्रभावित होते हैं। एएनएम द्वारा तुरंत प्रभाव से बीसीजी इंजेक्शन लगवाने वाले व्यक्ति का आधार कार्ड या आईडी से तुरंत प्रभाव से लैब में ही पंजीकरण किया जाएगा। इस कैंप के दौरान सबसे पहले वैक्सीनेशन अजमेर ढुल, जयभगवान मित्तल, चंद्रभान सागु द्वारा लगवाई गई। उनकी संस्था वैक्सीनेशन करवाकर नरवाना को 2025 से पहले पहले टीबी रोग मुक्त नरवाना घोषित करवाने में नागरिक अस्पताल नरवाना का सहयोग कर रही है।

चुनाव में सोशल मीडिया निभाएगी अहम रोल : पांचाल

जींद। सोनीपत लोकसभा के जिला जींद में सोनीपत सोशल मीडिया विभाग लोकसभा प्रभारी रविंद्र पांचाल ने बैठक ली। बैठक में भाजपा जींद के सोशल मीडिया जिला प्रमुख सोनू कश्यप, लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली के पुत्र संदीप बडोली विशेष रूप से शामिल हुए। इसके अलावा मोचार्े के संयोजक, सहसंयोजक मंडलों के संयोजक सहसंयोजक विधानसभाओं के प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का विषय लोकसभा चुनाव के निमित्त था। पांचाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया अपना अहम रोल निभाएगी और केंद्र एवं प्रांत की सरकारों के द्वारा आम जनहित में जो नीतियां चलाई गई है उसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले ऐसी ही हमारी सोच है। क्योंकि भाजपा पार्टी का स्लोगन है, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास है। उनकी पार्टी सबको साथ लेकर चल रही है। समान रूप से कार्य कर रही है और आने वाले दिनों में भारत को तीसरे नंबर की इकोनॉमी शक्ति बनाना है। बैठक में संदीप कौशिक, रवि पटपटिया, सचिन पाल, वेद प्रकाश, सुषमा शर्मा, आनंद शर्मा, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना की हो निष्पक्ष जांच

जींद। जनवादी महिला समिति ने जिला कारागार की महिला कैदी के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष नूतन प्रकाश, सचिव कविता व कार्यकारी सचिव कोसीगन ने कहा कि तीन दिन पहले यह मामला उजागर हुआ है। महिला कैदी ने आरोप लगाया है कि नशा खिलाकर दो कैदियों ने वैन में बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया है। जब पुलिसकर्मी प्रिजनर वैन को खड़ा कर कागजात तैयार करा रहे थे, इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

संत किसी जाति या समुदाय के नहीं वह तो समस्त समाज के लिए पूज्य

- धन्ना भक्त भक्त सर्वसमाज के भक्त हैं, हमें धन्ना की जीवनी का अध्ययन करना चाहिए : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष

शिरोमणि धन्ना भक्त धर्मार्थ सभा भूराण द्वारा रविवार को संत शिरोमणी धन्ना भक्त की जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर, सपफीदों से कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली, पूर्व विधायक जसबीर देशवाल, कलीराम पटवारी, जिला पार्षद हैप्पी कालवा, जोगेंद्र कालवा, जितेंद्र कुंडू सहित हरियाणा गुरुद्वारा सिख प्रबंधन कमेटी से जत्थेदार गुरजिंद्र सिंह, कालवा बारहा तपा प्रधान सत्यनारायण कुंडू, दिलबाग कुंडू, सिंहरोहा खाप के प्रधान रमेश सिंहरोहा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन आजाद कुंडू व आनंद कुंडू ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर कमेटी प्रधान सरपंच जोगेंद्र भूराण, कोषाध्यक्ष सोनू कुंडू सहित कमेटी सदस्यों ने स्मृति चिह्नड्ढ भेंट कर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि धन्ना जाट शालग्राम जी के बचपन से ही भक्त थे। इनका जन्म 1415 ईस्वी में दियोली शहर के नजदीक गांव धुआं में हुआ था। यह गांव राजस्थान के टौंक जिले में है। उन के गुरु रामानंद जी थे। शुरू में वह मूर्ति पूजक थे। परन्तु बाद में वह निर्गुण ब्रह्म की आराधना में लग गए। बचपन में जैसे ब्राह्मण को उन्होंने शालग्राम जी की पूजा करते देखा था, अपनी समझ से वैसी ही पूजा करने का आयोजन वे करने लगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आचार संहिता लागू होने से पूर्व ही धर्मार्थ सभा की मांग पर धन्ना भक्त के नाम से भूराण गांव में कम्यूनिटी हाल बनाने के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये की ग्रांट जारी की हुई है। धर्मार्थ सभा द्वारा आगामी एक मई को यहां कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कम्यूनिटी हाल का शिल्यान्यास करेंगे।

कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने कहा कि धन्ना भक्त सर्व समाज के भक्त हैं। हमें धन्ना भक्त की जीवनी का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने आयोजक कमेटी के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि कमेटी ने 36 बिरादरी के लोगों को साथ लेकर इस तरह से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया है यह काबिले तारिफ है।

महावीर के दिखाए मांर्ग पर चलें

- एस.एस. जैन सभा की ओर से श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। महावीर जन्म महोत्सव में डा. सुशील गुप्ता को सम्मानित करते समाज के लोग

एस.एस. जैन सभा चन्दाना गेट द्वारा रविवार को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में युवा प्रेरिका जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा जी महाराज साहब के सानिध्य व परम विदुषी साध्वी खुशी महाराज साहब की प्रेरणा से श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में महावीर जन्म महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज के अनेक गणमान्य लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने पहुंच कर भगवान महावीर की अराधना की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सुभाष बराला पहुंचें। एस.एस. सभा की और से डा. वरुण जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व विधायक टोहाना निशान सिंह, पूर्व लोकसभा सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि के तौर पर उनके भाई जगदीश जिंदल, नगर परिषद अध्यक्षा सुरभि गर्ग, नगर परिषद टोहाना के प्रधान नरेश बंसल, कांग्रेस नेता सुदीप सुरजेवाला, आदित्य सुरजेवाला सहित आरकेएसडी कॉलेज के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, पूर्व प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट, महेश जैन टोहाना ० दीपक गोयल टोहाना सहित जैन सभा से जुड़े लोग पहुंचें। सभा के प्रधान नरेश जैन, उपप्रधान सतपाल जैन, प्रवीण जैन, दीपक जैन, सुरेंदर जैन, सतीश जैन, रमेश जैन, मुकेश जैन, नवीन जैन, सुनील जैन, अनिल जैन, अनिल सिंगला, राजीव जैन, सतीश जैन बाबा लादना वाले, विनोद जैन, भोला रबारी, तिलक गुलाटी, रमेश मित्तल, बाबु राम आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की हुडा कॉम्लेक्स में बैठक

नरवाना। भाजपा कार्यकर्ता बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नरवाना। भाजपा नरवाना विधानसभा की एक बैठक मण्डल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा की अध्यक्षता में हुड्डा कॉप्लेक्स के भाजपा कार्यालय में हुई। इस बैठक को जिला अध्यक्ष राजकुमार मोर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता की जान से जुट जाएं नरेंद्र मोदी के 400 पर के नारे को क्रियान्वित करने में जी-जान से लग जाएं। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। धारा 370 हटाना तीन तलाक का कानून खत्म करना, किसानों के लिए हितकारी फैसला लेना, श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण करवाना व काफी संख्या में और भी जनकल्याणकारी नीतियां जनता के लाभ के लिए बनाई गई। पंक्ति में खड़े हर अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से मदद पहुंचाई गई है। प्रेस प्रवक्ता विकेश तागरा ने बताया कि कार्यकर्ताओं से भरे कार्यालय में भगवान दास गर्ग सुदेश चोपड़ा, भगवती बागड़ी, ओम प्रकाश शर्मा, बलदेव वाल्मीकि, सुभाष चोपड़ा, शशिकांत शर्मा मोहित खंडूजा, मुकेश शर्मा, अमित ढाकल, मनदीप चहल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सर्वसम्मति से करण बनें प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। मिटिंग करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एशोसिएशन

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एशोसिएशन नरवाना ब्लाक की इकाई कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर चुनावी मीटिंग शहर के नेहरू पार्क में हुई। इसकी अध्यक्षता रतीराम सुरजाखेड़ा ने की। मीटिंग में पर्यवेक्षक के रूप में शीशपाल लोहान जिला उपप्रधान तथा चन्दनराम शर्मा उपप्रधान ने भाग लिया। जिला प्रधान किताब सिंह प्रधान तथा वरिष्ठ उपप्रधान खजान सिंह खटकड़ ने विशेष आमन्त्रित सदस्या के रूप में शामिल हुए। सबसे पहले महासचिव कर्ण सिंह मलिक ने पिछले 3 वर्षो्र का आय-व्यय का ब्यौरा दिया। जिला प्रधान किताब सिंह भनवाला ने गत तीन वर्षो्र को गतिविधियों का विवरण विस्तार से दिया। रिटायर्ड कर्मचारियों की मुख्य मांगों की जानकारी देते हुए कहा कि 65-70-75 वर्ष की आयु के बाद 5-10-15 प्रतिशत की वृद्धि करना, मैडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 3 हजार करना, कैशलेश मेडिकल सुविधा प्रदान करना, कोम्यूटेशन 15 वर्ष की बजाय पूर्व की भान्ति 12 में पूरी करना, फैमिली पेंशन को भी एलटीएस सुविधा प्रदान करना तथा हाई कोर्ट तथा उच्चतम न्यायालय में रिटायर्ड कर्मचारियों से सम्बंधित फैसलों को लागू करना। कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ।

बुजुर्गों के आशीर्वाद में छुपी हैं अपार खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

बुजुर्ग भारतीय समाज में आदर्श और प्रेरणा के प्रतीक हैं जिनके आशीर्वाद से अपार खुशियां प्राप्त होती हैं। यह विचार शिक्षा विभाग हरियाणा के जिला जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहे। राजा सिंह ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और सहयोग से व्यक्ति हमेशा महान बनता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग परिवार के सबसे बड़े देवता होते हैं उनकी खुशी से ही भगवान खुश होता है। झींजर ने बुजुर्गों को स्वच्छता किट देकर आशीर्वाद लिया और कहा कि हमें हमेशा इनके अनुभव और ज्ञान का फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग परिवार, समाज और राष्ट्र की धरोहर होते हैं। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता सचिन कुमार ने कहा कि ऐसे अवसरों का सौभाग्य बड़े मुश्किल से प्राप्त होता है।

सचिन कुमार ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। समाजसेवी सुरेंद्र कुमार सिंगला ने झींजर के सामाजिक कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जन सेवा भारतीय समाज की सबसे बड़ी पहचान रही है।

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर सौरव कुमार, विश्वास कुमार, राम सिंह, सुभाष, चंद्र, संदीप, दया सिंह, कपूरी देवी, कन्हैया लाल, राजू, सतनाम, गुरदीप, दयावती सहित समस्त बस्ती वासी उपस्थित थे।

वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर किया जा सकता है मतदान : प्रशांत पंवार

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। डीसी ने कहा कि देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का आगाज चुनाव का शेडयूल जारी होने के साथ ही हो गया है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट वैकल्पिक पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

हरियाणा के 75 पार वाले नारे जैसा होगा भाजपा का 400 पार के नारे का हाल

लोकसभा चुनाव से पहले जेजेपी में मची भगदड़: प्रेमलता सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह।

छातर गांव भक्त धन्ना जाट की 666वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। जयंती का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। भंडारे एवं हवन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह पहुंची। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। पत्रकार वार्ता में भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह ने भाजपा, जेजेपी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा के 400 पार के नारे के सवाल पर प्रेमलता सिंह ने कहा कि बीते विस चुनाव में भाजपा ने 75 पार का नारा भी दिया था लेकिन सीट आई 40 आई थी। बीते दिनों लोकसभा के चुनाव के पहले चरण में राजस्थान में चुनाव हुआ है उनमें से तीन सीट कांग्रेस निश्चित रूप से पहले चरण के हुए राजस्थान के चुनाव में जीत रही है। हर रा'य में ऐसा होगा। 2019 लोकसभा चुनाव में हरियाणा, यूपी, दिल्ली जहां भाजपा को सभी सीटें मिली थी वहां भी भाजपा की सीटें काफी कम होगी। भाजपा का केंद्र में 400 पार का नारा हरियाणा के 75 पार की तरह ही होगा। 200 सीटों तक भाजपा सिमट कर रह जाएगी। जेजेपी पर निशाना साधते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि जमीनी स्तर पर जेजेपी जीरो है।

सीएम के साथ चलते हैं पूर्व सीएम

हरियाण में नायब सिंह सैनी को सीएम बनाए जाने पर चुटकी लेते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि सीएम के साथ पूर्व सीएम साथ में चलते है। खुद सीएम पूर्व सीएम के लिए रास्ता छोड़ता है कि वो आगे आए। हरियाणा में होने वाले विस चुनाव में कांग्रेस प्रचंड बहुमत से आएगी। कांग्रेस को लेकर लोगों का रूझान बढ़ रहा है। राहुल को लेकर जो भ्रामक प्रचार भाजपा कर रही थी वो अब खत्म हो गया है। राहुल गांधी की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। भाजपा, जेजेपी का ग्रामीण अंचल में विरोध पर बोलते हुए प्रेमलता ने कहा कि 13 महीने तक किसान आंदोलन चला था। 750 किसान मौत का ग्रास बने थे। इनके लिए संवेदना तक बीजेपी, जेजेपी के नेताओं ने प्रकट नहीं की थी। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया था कि वो किसान आंदोलन में किसान आंदोलन के पक्ष में इस्तीफा देने चाहते थे लेकिन उससे कुछ नहीं होना था। इससे हिसार में उप चुनाव जरूर हो जाता। किसान आंदोलन को लेकर पीएम को फैसला लेना था। अपनी मांगों को लेकर कुश्ती खिलाड़ी धरना दे रही थी। उन खिलाड़ियों को दिल्ली पुलिस ने सड़कों पर घसीटा। वो हरियाणा के खिलाड़ी थे। जो अग्निवीर योजना है वो चार साल की है। पहले सेना में नौकरी 40 से 42 साल के आस-पास करता था लेकिन अब वो अग्निवीर योजना से चार साल तक ही कर सकता है।